# जनजाति बालक बालिकाओं के शैक्षिक उत्थान के लिए करेंगे प्रभावी प्रयास : मीणा

**जयपुर।** जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री नंदलाल मीणा ने कहा कि जनजाति क्षेत्र के शिक्षा वंचित बालक-बालिकाओं को बेहतर व गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक माहौल प्रदान करने के लिए सरकार के स्तर पर हरसंभव संसाधन मुहैया कराए जाएंगे।

मीणा रविवार को उदयपुर में जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग आयुक्त कार्यालय सभागार में जनजाति विकासकारी योजनाओं के संचालन से जुड़ी सरकारी एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि जनजाति बालक-बालिकाओं के लिए केन्द्र सरकार के सहयोग से संचालित ''ग्रांट इन एड स्कीम'' के तहत पर्याप्त धनराशि की व्यवस्था कराकर सभी को शिक्षा के माकूल अवसर सुलभ कराए जाएंगे। उन्होंने योजनान्तर्गत कार्य कर रही संस्थाओं एवं जिम्मेदार अधिकारियों से निष्ठा एवं लगन के साथ जनजाति कल्याण की विविध योजनाओं एवं गतिविधियों को अंजाम देने की बात कही। उन्होंने कहा कि बरिष्ठ अधिकारी स्तर पर योजनाओं की क्रियान्विति की ठोस व्यवस्था की जाएगी।



शिथिलता किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मीणा ने शिक्षा, पशुपालन एवं चिकित्सा आदि क्षेत्रों में चल रहे कार्यक्रमों के बारे में संबंधित संस्थाओं से विस्तार से जानकारी ली और उचित दिशा-निर्देश दिये। प्रत्येक संस्था के लिए नियुक्त होंगे नोडल अधिकारी जनजाति विकास विभाग अंतर्गत चल रही विभिन्न परियोजनाओं, आवासीय विद्यालय एवं गतिविधियों के सतत निरीक्षण के मद्देनजर प्रत्येक कार्यकारी संस्था के लिए एक-एक अधिकारी को दायित्व सौंपा जाकर वर्ष में तीन बार अनिवार्यतः निरीक्षण कराए जाएंगे। ये अधिकारी अपने प्रतिवेदन जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग आयुक्त एवं प्रमुख शासन सचिव व विभाग के मंत्री तक पहुंचाएंगे। इसकी सतत मॉनिटरिंग स्वयं जनजाति क्षेत्रीय विकास आयुक्त करेंगे। जनजाति कल्याण योजनाओं का पूरा-पूरा लाभ मिले

मीणा ने कहा कि जनजाति कल्याण के लिए सरकार से आने वाली धनराशि का पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से उपयोग कर उनके जीवन स्तर को श्रेष्ठ बनाने की दिशा में और प्रभावी प्रयास किये जाने की आवश्यकता है। गुणीजन की पहचान की जरूरत जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री ने कहा कि पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में गुणीजन की महत्वपूर्ण भूमिका है, इनकी सेवाओं एवं अनुभवों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए इनकी पहचान करते हुए उन्हें उचित संरक्षण एवं प्रोत्साहन देने की जरूरत है।

बालक-बालिकाओं का शैक्षणिक स्तर सुधारें। मीणा ने कहा कि जनजाति आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों के विद्यार्थियों को उचित माहौल प्रदान करते हुए उनके सर्वांगीण विकास के प्रयास किए जाए। उनका शैक्षणिक स्तर श्रेष्ठ बने और वे समाजोत्थान के क्षेत्र में श्रेष्ठ भूमिका अदा कर सकें। बैठक में जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के अतिरिक्त आयुक्त, टीआरआई निदेशक, निदेशक (प्लानिंग), संयुक्त निदेशक, अतिरिक्त जिला कलक्टर (शाहबाद), अधिशाषी अभियंता, संयुक्त निदेशक सहित राज्य के जनजाति क्षेत्रों के लिए कार्यरत स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## चिकित्सा मंत्री ने किया तम्बाकू निषेध दिवस पोस्टर का विमोचन

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र राठौड़ ने रविवार को प्रातः अपने राजकीय निवास पर विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर तम्बाकू सेवन से होने वाले कैंसर के बारे में जनचेतना हेतु तैयार किये गये पोस्टर का विमोचन किया। एसएमएस मेडिकल कालेज के कैंसर सर्जरी विभाग की ओर से विभागाध्यक्ष र्सजिकल आंकोलाजी डा.राज गोविन्द शर्मा, एसोसिएेट प्रो. डा.सुरेश सिंह, मेडिकल आंकोलाजी के एसोसिएेट प्रो.डा.संदीप जसूजा, रेडियोथैरेपी विभागाध्यक्ष प्रो. रोहिताश दाना सहित अन्य चिकित्सकगण भी इस अवसर पर मौजूद थे।

वर्तमान तथ्यों के अनुसार प्रदेश की लगभग एक तिहाई आबादी किसी न किसी रूप में तम्बाकू का सेवन करती है और कैंसर होने के कारणों में अकेले तम्बाकू का 40 प्रतिशत योगदान रहा है।


## कार्यालय अधिशाषी अभियंता जन स्वा. अभि. विभाग जिला ग्रामीण खण्ड-II, बीकानेर

क्रमांक :- 3205-3304 दिनांक:- 24.05.16

**बोली सूचना संख्या :- 58 से 60/2016-17**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न हस्ताक्षरकर्ता द्वारा जन स्वा. अभि. विभाग के पंजीकृत/सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु मोहर बंद बोली आंमत्रित की जाती है। यह बोली website "sppp.rajasthan.nic.in" पर देखी जा सकती है। बोली प्रपत्र की विक्रय अन्तिम दिनांक 27.06.2016 को 3.00 बजे तक बेचे जावेंगे एवं दिनाक 28.06.2016 को दोपहर 3.00 बजे प्राप्त कर उसी दिन दोपहर 3.30 पर उपस्थिति उपस्थित बोलीदाताओं तथा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। आर.पी.डब्ल्यू.ए.-100 की समस्त शर्ते लागू होगी। कुल 3 कार्य है जिसकी कुल लागत 23.50 लाख रूपये है जिनमें एक कार्य की अधिकतम लागत रूपये 9.50 लाख है।

**( विजय कुमार वर्मा )**
**अधिशाषी अभियन्ता,**
**जन स्वास्थय अभियांत्रिक विभाग**
**जिला ग्रामीण खण्ड-II, बीकानेर**

DIPR/C/5198/2016



## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर खण्ड बीकानेर

क्रमांक:- 903 दिनांक :- 25-5-16

**निविदा सूचना संख्या : 5/2016-17**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्यो के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवम् दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के एए, ए, बी, श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://pwd.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा का कार्य | 1 | जयनारायण व्यास कॉलोनी सैक्टर नं. 4 में पार्क की चारदिवारी व भ्रमण पथ का निर्माण कार्य वार्ड नं. 38 बीकानेर (विधायक मद बीकानेर पूर्व) |
| | 2 | रामसागर कुआ रामदेव मंदिर के पास सामुदायिक भवन के पास हाल निर्माण बाबत श्रीरामसर वार्ड नं. 19 बीकानेर (विधायक मद बीकानेर पश्चिम) |
| | 3 | मांड म्युजियम (संगीत साहित्य) एवं कला केन्द्र में निर्मित हॉल के ऊपर हॉल निर्माण कार्य, ए-25 मुरलीधर व्यास नगर बीकानेर (विधायक मद बीकानेर पश्चिम) |
| | 4 | GAD क्वाटर I & II Type रखरखाव एवं मरम्मत का कार्य |
| | 5 | GAD क्वाटर III & IV Type रखरखाव एवं मरम्मत का कार्य |
| | 6 | GAD क्वाटर V & VI Type रखरखाव एवं मरम्मत का कार्य |
| | 7 | पुलिस थाना गंगाशहर का प्रशासनिक भवन की मरम्मत का कार्य |
| | 8 | उप पंजीयक कार्यालय बीकानेर के नवीन भवन का निर्माण कार्य |
| | 9 | सानिवि खण्ड बीकानेर के अधीनस्थ विभिन्न गैर आवासीय भवनों की मरम्मत का कार्य |
| | 10 | बीकानेर स्थित न्यायिक भवनों की मरम्मत का कार्य |
| | 11 | Repair & Renewal of Damaged roads in City Divison Bikaner Under PKG No. RJ-08-10 (Addl. work) |
| निविदा की कुल लागत | : | रू. 150.44 लाख |
| ऑन लाईन निविदा फार्म मिलने की तारीख | : | 15.06.2016, 9.30 बजे से 27.06.2016, 18.00 बजे तक |
| ऑन लाईन निविदा फार्म जमा कराने की तारीख | : | 15.06.2016, 9.30 बजे से 27.06.2016, 18.00 बजे तक |
| ऑन लाईन निविदा खोलने की तारीख | : | 29.06.2016 को 14.30 बजे से |

डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है।

**राज्यपाल की आज्ञा से**

**( एस.के. कालानी )**
अधिशाषी अभियंता
सा.नि.वि. नगर खण्ड बीकानेर


DIPR/C/5180/2016


# जल है तो कल है, जल ही जीवन है : ओटाराम देवासी

## अंजारी के मारकेन्डश्वर कुण्ड में महिलाओं ने किया श्रमदान

जयपुर, 29 मई। मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान में रविवार को सिरोही जिले की पिंडवाडा पंचायत समिति के ग्राम अंजारी में मारकेन्डश्वर कुण्ड में गोपालन एवं देवस्थान राज्यमंत्री ओटाराम देवासी, महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री एकता अग्रवाल, उपाध्यक्ष लक्ष्मी बारूपाल, संभाग प्रभारी कीर्तिका शर्मा, विधायक समाराम गरासिया, पिंडवाडा प्रधान टीपू गरासिया, लुम्बाराम चौधरी, अंशु विशिष्ट, हेमलता पुरोहित, दक्षा गहलोत, दम्यंती डाबी, कमला माली, पुष्पा खंडेलवाल, महालक्ष्मी, वन्दना, रेणु, मंजू पुरोहित, उषा, मंगीदेवी, विरेन्द्रिसह चौहान, रोहित खत्री ,भंवरलाल मेघवाल, किरण पुरोहित, नरेन्द्रसिंह एवं भारी तादाद में ग्रामीण महिलाओं अन्य जनों ने स्वेच्छा से श्रमदान कर कार्य शुभांरभ कर एक आदर्श प्रस्तुत किया।

श्रमदान में महिलाओं का अनोखा जोश देखने को मिला, सभी अपने हाथ में फावडे से मिट्टी खोदने एवं पाल पर तगारी से मिट्टी डालने के कार्य को अनवरत रूप से चलाने में अपना पूर्ण सहयोग दे रहे थे। इस अवसर गोपालन एवं देवस्थान राज्यमंत्री ने भारी तादाद में उपस्थित महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि जल है तो कल है, जल ही जीवन है। इसलिये इसको सहज कर रखना हम सभी का दायित्व है और यह तभी संभव होगा जब हम सब जल के बचाव के लिए संवेदनशील होंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री महोदया की सोच और पूर्व



प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का सपना है। नदी से नदी को जोड़ना, इसी सपने को साकार करने के लिए आज मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान प्रदेश भर में चलाया गया है। हम सभी इस पवित्र कार्य में अपनी भागीदारी श्रमदान कर सुनिश्चित करें जिससे कि आने वाली पीढ़ी के लिए सदैव याद रखे।

उन्होने सिरोही में करवाएं जा रहे 7 तालाबों की खुदाई के बारें में जानकारी दी साथ ही उन्होंने जिन भामाशाहों का जो योगदान रहा है, उनके बारें में बताया। उन्होंने वहां उपस्थित महिलाओं को आव्हान किया कि हम आज यह संकल्प लें की हम प्रत्येक दो तगारी मिट्टी डालकर हमारा श्रमदान कर इस अभियान में अपना योगदान सुनिश्चित करेंगे।

इस श्रमदान के मौके पर महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री एकता अग्रवाल ने अपने विचारों को प्रकट करते हुए कहा कि महिलाएं शक्ति का रूप है, जब एक महिला किसी बात की ठान लेती है, उसे पूरा अवश्य ही करती है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष लक्ष्मी बारूपाल व संभाग प्रभारी कीर्तिका शर्मा ने अपने विचार रखे। विधायक समाराम गरासिया व लुंबाराम चौधरी ने कहा कि हमारे पूर्वज भी पानी को इक्ठ्ठा करने का कार्य करते थे उन्होंने प्रत्येक गांव और ढाणी में पूराने जल स्त्रोतों का पुनरोद्धार कर इस अभियान को आगे बढ़ाने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि जल के रूकने से भूमि आएगी भू जल स्तर बड़ेगा और ग्रामीण क्षेत्र जल उपलब्धता की दृष्टि से आत्मनिर्भर बनेंगे।

महिला मोर्चा द्वारा जल स्वावलम्बन अभियान के तहत एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। गांव के अन्तिम व्यक्ति को डिपार्टमेंटल स्टोर की सुविधा मिले!

गोपालन एवं देवस्थान राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने कहा कि गांव के अन्तिम व्यक्ति को डिपार्टमेंटल स्टोर की सुविधा के लिए अन्नपूर्णा भंडार की योजना लागू की गई है।

वे रविवार को सिरोही जिला कलक्ट्रेट सभागार में खाद्य व रसद विभाग द्वारा अन्नपूर्णा भंडार संचालकों के पारितोषिक वितरण कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अन्नपूर्णा भंडार में मिलने वाली सामग्री उच्च श्रेणी की है तथा सस्ती दरों पर उपलब्ध कराई जा रही है। इसके लिए उन्होंने यह भी बात रखी कि अन्नपूर्णा भंडार को उचित मूल्य की दूकानों से अलग संचालित किया जाए।

## चिकित्सा मंत्री आज दिलवायेंगे स्वच्छता की शपथ

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र राठौड़ 30 मई को प्रातः 9 बजे सवाई मानसिंह चिकित्सालय में एवं प्रातः 9.15 बजे तिलक मार्ग स्थित स्वास्थ्य भवन में स्वच्छता अभियान के संबंध में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलवायेंगे।

स्वच्छ भारत अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आगामी 31 मई से 13 जून तक प्रथम स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया जायेगा। इसके बाद 1 फरवरी से 15 फरवरी 2017 तक द्वितीय स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित कर समस्त चिकित्सा संस्थानों की स्वच्छता की गुणवत्ता में सुधार लाया जायेगा।

विशिष्ट शासन सचिव एवं मिशन निदेशक एनएचएम श्री नवीन जैन ने बताया कि प्रदेश के सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों तथा सभी प्रमुख चिकित्सा अधिकारियों को 30 मई को उनके कार्यस्थलों में शपथ कार्यक्रम आयोजित करने एवं 31 मई से 13 जून तक स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित कर स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वच्छता की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं।

## जल संरक्षण और प्रबंधन में युवाओं के दखल से जल संकट का निराकरण संभव : जाट

**जयपुर।** केंद्रीय जल संसाधन राज्य मंत्री सांवरलाल जाट ने कहा कि प्रदेश के जल संकट को दूर करने के लिए सरकारी प्रयासों के साथ आमजन और खासकर युवा वर्ग की भागीदारी बेहद जरूरी है। दोनों के समन्वय और बेहतरीन जल प्रबंधन के जरिए ही पानी की समस्या से निजात पाई जा सकती है। जाट रविवार को राजस्थान विश्वविद्यालय में आयोजित 'जल संसद' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जितना पानी का सदुपयोग राजस्थान के लोग करना जानते हैं, उतना पूरे देश में कहीं भी देखने में नहीं आता। उन्होंने कहा कि राज्य में भूजल का स्तर और गुणवत्ता दिन ब दिन खराब होती जा रही है। भूजल के तेजी से दोहन से डार्कजोन बढ़ने लगे हैं। आज के हालात को संभालने के लिए आमजन के अलावा युवाओं को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण अपने आप में जल उत्पादन से कम नहीं है ऐसे में जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरुक करके ही आने वाले कल को बचाया जा सकता है।

प्रदेश में संचालित मुख्यमंत्री स्वावलंबन अभियान की प्रशंसा करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह अभियान प्रदेश की तस्वीर बदलने वाला होगा। उन्होंने कहा



कि आने वाले दिनों में पूरे देश में यह अभियान मिसाल की तरह पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नदियों को जोड़ने के लिए केंद्र सरकार मजबूत इच्छा शक्ति के साथ काम कर रही है। ऐसा होने पर जल संकट को काफी हद तक टाला जा सकेगा।

उन्होंने कहा कि पानी जैसे मुदों पर ऐसे कार्यक्रम होना बेहद जरूरी हैं। जलदाय मंत्री किरण माहेश्वरी ने कहा कि जल की बचत और संरक्षण केवल आपकी सोच पर निर्भर होती है। आपकी सोच, आपका नजरिया, आपकी आदतें बदलेंगी तो जल की बचत अपने आप होने लगेगी। उन्होंने युवा वर्ग का आह्वान करते हुए कहा कि युवाओं में वह ताकत है कि वे किसी भी हालात को बदलने की क्षमता रखते हैं। आज युवाओं को जल संकट टालने और आमजन में जागृति लाने की दोहरी जिम्मेदारी आ पड़ी है। उन्होंने कहा कि सरकार हर उस नवाचार के साथ है, जिससे जल की बचत हो सके।

# चौधरी चरणसिंह की 29वीं पुण्यतिथि मनाई

**बाड़मेर।** श्री किसान बोर्डिंग हाउस संस्थान में चौधरी चरणसिंह की 29वीं पुण्यतिथि मनाई गयी। चौधरी चरण सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण किया और श्रद्धांजली दी। देश के किसानो के मसीहा थे। वो चाहे केन्द्र में रहे हो या प्रदेश में उन्होने हमेशा किसानो के लिये संघर्ष किया। चौधरी चरणसिंह स्वतंत्र एवं प्रखर विचारों के धनी थे, वे बड़े चिंतक, किसान नेता, समाज सेवक थे।

उनमें देश को बदलने का हौसला था किन्तु चालाक राजनीतिज्ञ नहीं थे। चौधरी साहब का चिंतन उपयोगी एवं मौलिक था। उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व से नयी पीढी को अवगत कराना आवश्यक है। चौधरी ने हमेशा कृषि को आगे बढाने की बात की। वे हमेशा किसान वर्ग के चिंतक के रूप में कार्य करते रहे। कार्यक्रम में हुकमाराम पोटलिया ने कहा कि चौधरी चरणसिंह ने संकल्प, सिद्वान्त, इच्छाशक्ति को बदलते हुए साधारण परिवार में जन्म लेकर भी देश के प्रधानमंत्री पद को सुशोभित किया।

विश्व पटल पर उनकी पहचान भारत के प्रधानमंत्री के रूप में कम अपितु एक किसान नेता के रूप में अधिक थी। उन्होंने हमेशा किसान हित की बात की। आज के कार्यक्रम में मंच संचालन तोगाराम गोदारा ने किया। इस अवसर पर सोनाराम के जाट, कानराज पुनिया, सुरेश भादू, हरदानराम पोटलिया, हिमताराम गुजर सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित थें।


## कार्यालय अधिशाषी अभियंता जन स्वा. अभि. विभाग जिला ग्रामीण खण्ड-II, बीकानेर

क्रमांक :- 3003-3102 दिनांक:- 24.05.16

**बोली सूचना संख्या :- 53 से 54/2016-17**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न हस्ताक्षरकर्ता द्वारा जन स्वा. अभि. विभाग के पंजीकृत/सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-टैण्डरिंग द्वारा बोली आंमत्रित की जाती है। यह बोली website "sppp.rajasthan.nic.in" पर देखी जा सकती है। बोली प्रपत्र http://eproc.rajasthan.gov.in से दिनांक 26.05.2016 को सायं 05.00 बजे से दिनाक 27.06.2016 को दोपहर 11.00 बजे तक डाउनलोड किये जा सकते है तथा ऑनलाईन बिड डालने की अवधि दिनांक 27.06.2016 को दोपहर 11.00 बजे तक रहेगी, उक्त बोली दिनांक 28.06.2016 को दोपहर 3.00 बजे वैबसाईड पर उपस्थित बोलीदाताओं तथा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। बोली शुल्क एवं धरोहर राशि बोलीदाता द्वारा नियमानुसार डिमाण्ड डॉफ्ट/बैंकर चैक, जो कि अधिशाषी अभियंता, जन स्वा. अभि. विभाग जिला ग्रामीण खण्ड-II, बीकानेर के नाम से देय हो, एवं ई-टैण्डरिंग प्रक्रिया शुल्क जो कि Managing Director, RISL Payable at Jaipur के नाम से देय हो इस कार्यालय में दिनांक 28.06.2016 को दोपहर 1.00 बजे तक जमा करवाना आवश्यक है।

| बोली सूचना संख्या | कार्य का विवरण | अनु. लागत (रू लाखों में) | धरोहर राशि (रू. में) 2% | 0.5 % | बोली शुल्क (रू.में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एसपीपीपी के कोड संख्या एवं दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 53 | वार्षिक दर संविदा के आधार पर उपखण्ड कोलायत के अंतर्गत विभिन्न जलयोजनाओं पर नलकूपों/खुले कुओं की लोरिंग/अनलोरिंग का कार्य। | 25.00 | 50.000/- | 12.500/- | 500/- | 1 वर्ष | 6945/ 24.05.2016 |
| 54 | शहरी जलप्रदाय योजना श्रीडूंगरगढ नलकूप निर्माण एवं कमिशनिंग का कार्य। | 20.00 | 40.000/- | 8,000/- | 500/- | 2 वर्ष | 6946/ 24.05.2016 |

1. Bidders are Procured and submitted only in electronic format on website http./eproc.rajasthan.gov.in.
2. Bidders who to partieipate in bidding will have to procure digital certicate as per IT Act. 2000 to sign their electronic bids. Offieers which are not digitally signed will not be accepted. Bidders shall submit their offer in electronic format on above mentioned website after digitally signing the same.
3. **If Tender Value less than 50.00 lacs charges will be Rs. 500/- per bidder per tender & Tender Value is 50.00 lacs or more than 50.00 lacs charges will be Rs. 1000/- per bidder per tender.**
4. Eamest Money as deseribe in tender has to be deposit before submission time of tender in the office of under sign.
5. In Case of Any Government Holiday Tender will be open in Next Working Day.

जल सीमित है, इसकी बचत करें

**( विजय कुमार वर्मा )**
**अधिशाषी अभियन्ता,**
**जन स्वास्थय अभियांत्रिक विभाग**
**जिला ग्रामीण खण्ड-II, बीकानेर**


DIPR/C/5197/2016



## AKSH OPTIFIBRE LIMITED

**Registered Office: F-1080, RIICO Industrial Area, Phase-III, Bhiwadi-301019 (Rajasthan)**
**Corporate Office: J-1/1, B-1, Extn, Mohan Co- operative Indl. Estate, Mathura Road, New Delhi-110044**
**Corporate Identification No. (CIN) : L24305RJ1986PLC016132**

Live Smart



QoQ Sales up 19% | QoQ PBDT up 12% | YoY Sales up 23% | YoY PBDT up 32%

**EXTRACT OF STANDALONE FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED MARCH 31, 2016 AND CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE YEAR ENDED MARCH 31, 2016**

Rs. in lacs

| Sl. No. | Particulars | STANDALONE Quarter Ended 31-Mar-16 Audited | 31-Dec-15 Unaudited | 31-Mar-15 Audited | Year Ended 31-Mar-16 Audited | 31-Mar-15 Audited | CONSOLIDATED Year Ended 31-Mar-16 Audited | 31-Mar-15 Audited |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Total income from operations (Gross) | 13,000.38 | 10,958.16 | 10,974.51 | 46,169.07 | 37,392.34 | 47,571.29 | 38,167.06 |
| 2. | Total income from operations (net) | 12,355.68 | 10,430.50 | 10,136.11 | 43,476.47 | 34,829.92 | 44,878.69 | 35,604.64 |
| 3. | Net Profit from ordinary activities after tax (before exceptional items) | 943.87 | 1,116.67 | 791.07 | 4,081.14 | 3,095.41 | 3,289.62 | 2,417.43 |
| 4. | Net Profit from ordinary activities after tax | 220.28 | 1,120.05 | 894.25 | 3,351.88 | 3,210.92 | 2,560.36 | 2,532.94 |
| 5. | Net Profit for the period after tax (after Extraordinary items) | 220.28 | 1,120.05 | 894.25 | 3,351.88 | 3,210.92 | 2,560.36 | 2,532.94 |
| 6. | Equity Share Capital | 8,133.25 | 8,133.25 | 7,576.98 | 8,133.25 | 7,576.98 | 10,347.78 | 9,791.51 |
| 7. | Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year) | | | | 36,433.87 | 31,773.65 | 35,674.25 | 31,062.32 |
| 8. | Earnings Per Share (before extraordinary items) (of Rs. 5/- each) | | | | | | | |
| | Basic : | 0.14 | 0.73 | 0.59 | 2.14 | 2.13 | 1.63 | 1.68 |
| | Diluted: | 0.14 | 0.73 | 0.55 | 2.14 | 1.98 | 1.63 | 1.57 |
| 9. | Earnings Per Share (after extraordinary items) (of Rs. 5/- each) | | | | | | | |
| | Basic : | 0.14 | 0.73 | 0.59 | 2.14 | 2.13 | 1.63 | 1.68 |
| | Diluted : | 0.14 | 0.73 | 0.55 | 2.14 | 1.98 | 1.63 | 1.57 |

**Notes:-**
The above is an extract of the detailed format of Quarterly & Annual Financial results filed with Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and other disclosure Requirements) Regulations 2015. The full format of the Quarterly & Annual Financial results are available on the Company's website i.e. www.akshoptifibre.com and on the stock exchange websites i.e. www.bseindia.com & www.nseindia.com.

**For and on behalf of the Board of Directors**
**Sd/-**
**Dr. Kailash S Choudhari**
**Chairman and Managing Director**
**DIN-00023824**

**Place: New Delhi**
**Date : 28.05.2016**

We smarten up your life...